वीर अर्जुन 16-04-2009

मांगों को लेकर एमटीएनएल अधिकारियों ने दिया धरना

नई दिल्ली (वीअ)। एमटीएनएल के लगभग 4 हजार अधिकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में एमटीएनएल के निगम कार्यालय पर पूरे दिन धरना दिया तथा भूख हड़ताल रखी। ज्वाइंट फ्रंट के पदाधिकारियों ने बताया कि यदि एमटीएनएल प्रबंधन ने शीघ्र ही केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित नए वेतनमान 30 प्रतिशत फिटमेंट के साथ लागू नहीं किए तो इस आंदोलन को जारी रखने के लिए एमटीएनएल अधिकारियों को बाध्य होना पड़ेगा। एमटीएनएल के लगभग 8000 अधिकारी 23 मार्च से ही अपनी मांगों के समर्थन में संघर्ष कर रहे हैं। इन अधिकारियों का कहना है कि एमटीएनएल का प्रबंधन नवरत्न कंपनी होने के बावजूद सरकार द्वारा निर्धारित नए वेतनमान के 30 प्रतिशत फिटमेंट की बजाय 5 प्रतिशत फिटमेंट ही लागू कर रहा है, साथ ही साथ मकान किराए भत्ते को भी दिसंबर 2006 के देय पर निर्धारित कर रहा है।

विराट वैभव - 16/04/2009

एमटीएनएल अधिकारियों ने दी चेतावनी

■ विराट न्यूज।

नयी दिल्ली। महानगर टेलिफोन निगम लिमिटेड के लगभग आठ हजार अधिकारी 23 मार्च से अपनी मांगों के समर्थन में संघर्ष कर रहे हैं। इन अधिकारियों का कहना है कि एमटीएनएल का प्रबंधन नवरत्न कंपनी होने के बावजूद सरकार द्वारा निर्धारित नये वेतन के 30 फीसदी फिटमैंट के बजाय 5 फीसदी फिटमैंन ही लागू कर रहा है। इसके साथ-साथ मकान किराये भत्ते को भी दिसम्बर 2006 के देय पर निर्धारित कर रहा है।

सूत्रों ने बताया कि प्रबंधन के इस निर्णय से प्रत्येक अधिकारी को बहुत नुकशान होगा। उन्होंने कहा कि प्रबंधन एक तरफ तो कर्मचारियों को नये वेतनमान नहीं दे रहा है वहीं दूसरी तरफ कमीशन खाने के लिए ऐसे नये नये प्रोजक्ट लेकर आ रहा है जिनका पिछले 4-5 साल से कोई क्रियान्वन नहीं हुआ है। प्रशासन ने अब तक प्रोजक्ट पर एम.टी.एन.एल का हजारों करोड़ रुपये डूबो दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि प्रबंधन निजी ऑपरेटरों के साथ मिलकर एम.टी.एन.एल को नुकशान पहुंचाने की साजिश कर रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि ज्वांइट फोरम प्रेस के माध्यम से यह भी चाहता है कि एमटीएनएल में चार-पांच सालों में आये नये प्रोजक्टों के बारे जांच होनी चाहिए जिससे प्रबंधन के भ्रष्टाचार का पर्दाफाश हो सके। इन अधिकारियों ने 26 मार्च को प्रबंध निदेशक के कार्यालय पर प्रदर्शन किया था।■

राष्ट्रीय सहारा 16/04/2009

एमटीएनएल अधिकारियों का प्रदर्शन

नई दिल्ली। एमटीएनएल अधिकारियों ने बुधवार को अपनी मांगों को लेकर जीवन भारती स्थित कॉरपोरेट कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में चार हजार से अधिक अधिकारी शामिल हुए थे। एमटीएनएल अधिकारी 5 फीसद के बजाय 30 फीसद फिटमेंट की मांग को लेकर पिछले 23 मार्च से प्रदर्शन कर रहे हैं।